# DIET MALAPPURAM & VIJAYABHERI MALAPPURAM
## SSLC MODEL EXAMINATION , MARCH 2022
**SET-1**

**TIME:90 MNTS** **SCORE 40**

## हिंदी

===================================================

**सामान्य निर्देश:**
- **सभी प्रश्नों का ध्यान से वाचन करें।**
- **सूचनाओं के अनुसार उत्तर लिखने की कोशिश करें।**
- **पहले 15 मिनिट कूल ऑफ़ टाइम है।**

===================================================

## PART -I
### भाग 'ए'

**'बीरबहूटी'– कहानी का यह अंश पढ़ें और 1 से 6 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 4 के उत्तर लिखें।** 4*1= 4

"वे एक–दूसरे के बहुत नज़दीक रहकर, बल्कि कहना चाहिए बिलकुल सटकर बीरबहूटियाँ खोजते थे।उन्हें देखने के लिए वे बारिश की गंध भरी भूरी ज़मीन पर बैठ जाया करते थे"।

1. निम्नलिखित विशेषताओं में से कौन–सी विशेषता बीरबहूटी की नहीं है।
   (सुर्ख, पीला, मुलायम, गदबदी)
2. "उन्हें"– में निहित सर्वनाम कौन–सा है?
   (मैं, वह, यह, वे)
3. 'वे एक दूसरे के बहुत नज़दीक रहकर बल्कि कहना चाहिए बिलकुल सटकर बीरबहूटियाँ खोजते थे'– यहाँ उल्लिखित वे कौन–कौन हैं?
   (बेला और दुकानदार, साहिल और उसके भाई, बेला और साहिल, साहिल और दुकानदार)
4. 'बीरबहूटी' कहानी के कहानीकार कौन है?
   ( मिहिर, प्रभात, प्रेमचमद, कनक शशि )
5. बेला और साहिल स्कूल के लिए घर से कुछ समय पहले निकल आते थे।क्यों?
   (बीरबहूटियों से मिलने के लिए, मित्र से मिलने के लिए, माटसाब से मिलने के लिए, खेलने के लिए)
6. 'भूरी ज़मीन'–इसमें विशेषण शब्द कौन–सा है?

### भाग 'बी'

**सूचना : 'बसंत मेरे गाँव का'–लेख का यह अंश पढ़ें और 7 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।** 3*1= 3

बसंत फूलदेई का त्योहार लेकर आता है।देर शाम तक बच्चे फूल चुनते हैं।इन फूलों को रिंगाल (बाँस की एक प्रजाति) से बनी खास तरह की टोकरियों में रखा जाता है। टोकरियों को रात भर पानी से भरी गागरों के ऊपर रखा जाता है ताकि वे मुर्झा न पाएँ। सुबह पौ फटते ही बच्चों की टोलियाँ गाँव भर में घूमती हैं।

7. चुने गए फूलों को कहाँ रखा जाता है?

8. 'पौ फटना'–इससे आप क्या समझते हैं?

(प्रभात होना, दुपहर होना, रात होना, शाम होना)

9. टोकरियों को रात भर पानी से भरी गागरों के ऊपर रखा जाता है।क्यों?

## PART -II

### भाग 'ए'

**सूचना : कोष्ठक से उचित विकल्प चुनकर वाक्य पिरमिड़ की पूर्ति करें।** 1*2= 2

10.(छोटे, तालियाँ बजाकर)

लोगों ने बच्चे की तारीफ़ की ।

–––––––––––––––––

–––––––––––––––––––

कई लोगों ने तालियाँ बजाकर छोटे बच्चे की तारीफ़ की।

### भाग 'बी'

**सूचना :'हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था' पाठ का अंश पढ़ें 11 से 12 तक के प्रश्नो में से किसी एक का उत्तर लिखें।** 1*2= 2

"व्यक्ति को मैं नहीं जानता था,हताशा को जानता था कहते ही वे जानने की हमारी उस जानी–पहचानी रूढ़ि को तोड़ देते हैं"।

11. 'जानने' की हमारी जानी–पहचानी रूढ़ि क्या है?

12. विनोद कुमार शुक्ल ने 'जानना' शब्द की व्याख्या कैसे की है?

## PART -III

### भाग 'ए'

**सूचना :कवितांश पढ़कर 13 से 16 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 प्रश्नों का उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखें।** 3*3= 9

मैं
रथ का टूटा हुआ पहिया हूँ
लेकिन मुझे फेंको मत!
क्या जाने ;कब
इस दुरूह चक्रव्यूह में
अक्षौहिणी सेनाओं को चुनौती देता हुआ
कोई दुस्साहसी अभिमन्यु आकर घिर जाए!

13. टूटा पहिया अपने को मत फेंकने के लिए कहता है।क्यों?

14. निम्नलिखित आशयवाली पंक्तियाँ चुनकर लिखें।

"मैं रथ का टूटा पहिया हूँ।लेकिन मुझे फालतू समझकर मत फेंकना"

15.नमूने के अनुसार तालिका की पूर्ति करें।

| शब्द | प्रतीक |
|---|---|
| ब्रह्मास्त्र | कभी विफल न होनेवाली युक्ति |
| बड़े–बड़े महारथी | ------------------------------------- |
| टूटा पहिया | ------------------------------------- |
| अभिमन्यु | ------------------------------------- |

16.कवि एवं कविता का परिचय देते हुए उपर्युकत पंक्तियों का आशय लिखें।

## भाग 'बी'

**सूचना : सही प्रस्ताव चुनकर लिखें** 1*3= 3

17. क) मोहन राकेश के मन में समुद्र–तट के प्रति विशेष आकर्षण था।

ख) मोहन राकेश ने सीधे कन्याकुमारी चलने का निश्चय किया।

ग) घर में चलते समय मन में यात्रा की कोई बनी हुई रूपरेखा नहीं थी।

ङ) मोहन राकेश ने पहले सीधे कन्याकुमारी न जाकर बंबई होता हुआ गोआ चला गया।

# PART -IV

## भाग 'ए'

**सूचना : 'आई एम कलाम के बहाने'– पाठ का यह अंश पढ़ें और नीचे दिए प्रश्नों में से किन्हीं 2 के उत्तर लिखें।** 2*4= 8

" एक दिन रणविजय को उसके स्कूल में भाषण देने के लिए कहा जाता है।रणविजय परेशान है क्योंकि उसकी हिंदी अच्छी नहीं।कलाम यह जानता है और झट एक अच्छा–सा भाषण लिख अपने दोस्त रणविजय को दे देता है।रणविजय प्रथम पुरस्कार पाता है"।

18. प्रस्तुत प्रसंग के आधार पर कलाम और रणविजय के बीच का वार्तालाप तैयार करें।

19.भाषण प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार पाने के बारे में रणविजय ने अपनी डायरी में लिखी।उसकी वह डायरी तैयार करें।

20.मान लें आपके स्कूल में जून 12 को 'नील माधव पांडा' की "आई एम कलाम "सिनेमा का प्रदर्शन होनेवाला है।इसकी सूचना देते हुए एक पोस्टर तैयार करें।

**भाग 'बी'**

**सूचना :'गुठली तो पराई है– कहानी का निम्न लिखित अंश पढ़ें और 21 से 22 तक के प्रश्नों में से किसी 1 का उत्तर लिखें।** **1*4= 4**

जैसे–तैसे पूजा–पाठ के बाद कार्ड हाथ में आया तो गुठली का मूँह उतर गया।वह ताऊजी के पास जाकर बोली,"देखिए भइया मेरा नाम कार्ड में छपवाना भूल गया"? ताऊजी बोले,"भुला नहीं है रे...अपने घर की छोरियों के नाम कार्ड पर नहीं छपते।"

21. प्रस्तुत अंश के आधार पर पटकथा का एक दृश्य लिखें।

22. "अपने घर की भेदभाव"की बातों के बारे में बताते हुए गुठली ने अपने मित्र के नाम एक पत्र लिखा। उसका वह पत्र तैयार करें।

## PART -V

**भाग 'ए'**

**सूचना :'ठाकुर का कुआँ'– कहानी के निम्न लिखित अंश पढ़ें और 23 से 24 तक के प्रश्नों में से किसी 1 का उत्तर लिखें।** **1*5= 5**

"गंगी का विद्रोही दिल रिवाज़ी पाबंदियों और मज़बूरियों पर चोटें करने लगा– हम क्यों नीच है और ये लोग क्यों उँच हैं? इसलिए कि ये लोग गले में ताग डाल लेते हैं? यहाँ तो जितने हैं, एक–से–एक छंटे हैं"।

23.गंगी की चरित्रगत विशेषताओं पर टिप्पणी तैयार करें।

24.सही मिलान करें।

| A | B |
|---|---|
| ठाकुर | कौन समझता है |
| ब्राह्मण-देवता | सहायता करना |
| जोखू | लाठी मारेंगे |
| गरीबों का दर्द | आशीर्वाद देंगे |
| कंधा देना | बीमार है |

************************